आई टी एल पब्लिक स्कूल
मध्यावधि परीक्षा (2025-26)
विषय- हिंदी
पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका


दिनांक : सितंबर **2025** — कक्षा : पंचम ____
समय : **2** घंटे — रोल नंबर : _______
नाम : _____ — निरीक्षक हस्ताक्षर : ____
अधिकतम अंक : **50**

सामान्य निर्देश-

1) इस कार्यपत्रिका में **4** पृष्ठ , **4** भाग और कुल **15** प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | भाग क - पठन कौशल | |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>'क्रिकेट' का नाम सुनते ही सब के मन में उत्साह भर जाता है। यह खेल गली, मोहल्ले ,राज्य से लेकर देश तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक खेले जाने वाला रोचक खेल है। क्रिकेट का खेल दो टीमों के बीच खेला जाता है। इस खेल से खेल भावना ,आपसी सहयोग व समझ भी बढ़ती है। क्रिकेट के प्रत्येक टीम में ग्यारह - ग्यारह खिलाड़ी होते हैं। ये सभी अच्छे गेंदबाज तथा फ़ील्डर होते हैं। पहले एक टीम गेंदबाजी करती है तो दूसरी बल्लेबाज़ी करती है। बल्लेबाज़ी करने वाली टीम के एक समय में मैदान में दो बल्लेबाज खेलते हैं और रन बनाते हैं। उनमें से जो आउट हो जाता है वह खेल से हटकर चला जाता है तथा अन्य खिलाड़ी आ जाता है। इस प्रकार पूरी टीम जितने रन बनाती है,वह दूसरी टीम के लिए जीत का लक्ष्य बन जाता है। क्रिकेट के खेल में अंत तक रोमांच बना रहता है। | |
| क) | किसका नाम सुनते ही सब के मन में उत्साह भर जाता है ?<br>अ) गली ब) मोहल्ले स) राज्य द) क्रिकेट | |
| ख) | यह खेल किसके बीच में खेला जाता है?<br>अ) फील्डरों के ब) दो टीमों के स) राज्यों के द) गेंदबाज़ों के | |
| ग) | इस खेल में प्रत्येक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं ? | |

| | | |
|---|---|---|
| | अ) ग्यारह ब) बारह स) चौदह द) दश | |
| घ) | क्रिकेट खेलने से क्या लाभ हैं? | |
| ङ) | गद्यांश में से विलोम शब्द ढूँढकर लिखें।<br>1) बुरे 2) आरंभ | |
| | भाग ख - भाषा कौशल | |
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों का भेद लिखिए।<br>क) हिंदी की <u>पुस्तक</u> का नाम वीणा है।<br>ख) <u>राम</u> को भूख लग रही थी। | |
| प्रश्न 3 | निम्नलिखित शब्दों को भाववाचक संज्ञा शब्दों में बदलें।<br>क) मित्र ख) नौकर ग) हरा घ) पराया | |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित रिक्त स्थानों को कोष्ठक में दिए गए संज्ञा शब्द के अनुसार भरें।<br>क) यह पेंसिल मेरे ———— की है। (जातिवाचक संज्ञा)<br>ख) हमें आपस में ———— का भाव नहीं रखना चाहिए। (भाववाचक संज्ञा)<br>ग) ———— को शिकार करना पसंद है। (व्यक्तिवाचक संज्ञा) | |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया का उचित रूप लिखें।<br>क) मैं कल सिनेमा देखने ------------------ ।<br>ख) शिव ने काम ------------------। | |
| प्रश्न 6 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित क्रिया शब्दों के काल लिखें।<br>क) मोहन कल मेरे घर <u>गया था</u>।<br>ख) गीता विद्यालय <u>जा रही है।</u> | |
| प्रश्न 7 | निम्नलिखित वाक्यों में निर्देशानुसार काल बदलकर वाक्य दोबारा लिखें। | |

| | | |
|---|---|---|
| | क) बंदर केला खा रहा है। (भूतकाल)<br>ख) माताजी खाना बनाती है। ( भविष्यत् काल)<br>ग) सुनील ने पेंसिल से चित्र बनाया था। (वर्तमान काल) | |
| प्रश्न 8 | निम्नलिखित शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।<br>(क) पहाड़ (ख) गंगा ग) तट | |
| प्रश्न 9 | दिए गए चित्र को पहचानकर उसके दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।<br>क)  ख)  ग)  | |
| | भाग ग - साहित्य कौशल | |
| प्रश्न 10 | नीचे दी कविता की पंक्तियों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>कहने लगी किरन यह सुनकर<br>मैं ही कब सो पाती हूँ<br>तुम्हें सुलाकर एक दूसरी<br>दुनिया में मैं जाती हूँ।<br>क) ये पंक्तियाँ कौन-सी कविता से ली गई हैं?<br>ख) किरन कब दूसरी दुनिया में जाती है ?<br>ग) इन पंक्तियों के कवि कौन हैं?<br>घ) कविता में से दो तुकबंदी शब्द ढूँढकर लिखिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 11 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में दीजिए।<br><br>क) किरन ने दूसरी दुनिया में जाने की बात क्यों कही होगी?<br><br>ख) हीरा सिंह ने सुंदरिया को बेचने का फैसला क्यों किया?<br><br>ग) यदि आप राजा के स्थान पर होते और आपको लड़के के बारे में पता चलता तो आप क्या करते? | |
| प्रश्न 12 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **40-50** शब्दों में दीजिए।<br><br>क) क्या राजा को प्रायश्चित करने के बाद सिंहासन पर बैठने का अधिकार मिलना चाहिए था? कारण बताकर स्पष्ट कीजिए।<br><br>ख) सेठ हीरासिंह की गाय को देखकर क्यों प्रसन्न हुआ? | |
| प्रश्न 13 | किसने कहा? किससे कहा?<br><br>(क) " लड़का सचमुच बहुत बुद्धिमान है।"<br><br>(ख) " कैसी गाय है?" | |
| प्रश्न 14 | रिक्त स्थान भरो।<br><br>(क) हीरासिंह --------------- का रहने वाला था।<br><br>(ख) सिंहासन राजा --------------- का था। | |
| | भाग घ - लेखन कौशल | |
| प्रश्न 15 | निम्नलिखित में से <u>किसी एक विषय</u> पर अनुच्छेद लिखें।<br><br>अनुशासन<br><br>या<br><br>समय का सदुपयोग | |